डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 345 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## छेड़छाड़ के आरोपी के मुंह पर पोती कालिख

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भैसादा चौकी के आंकी गांव में एक युवक के मुंह पर कालिख पोत कर जूते की माला पहनाकर गांव में घूमाया गया। आरोप है कि युवक 23 वर्षीय महिला से छेड़छाड़ करता था। मामला 29 सितंबर का बताया जा रहा है। जबकि, इस संबंध में वीडियो बुधवार को सामने आया है। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी की पिटाई कर उसके मुंह पर कालिख पोती और जूते की माला पहनाकर गांव में घुमाया। इस दौरान गांव के लोगों ने युवक से मारपीट भी की। बताया जा रहा है कि जिस महिला के साथ आरोपी ने छेड़छाड़ की उसने भी युवक की पिटाई की। जानकारी के अनुसार 29 सितंबर को हुई इस घटना की रिपोर्ट भैसोदा चौकी पर नहीं लिखी गई। इसके बाद दलित संगठनों ने आंदोलन की चेतावनी दी तो दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया। दलित युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं मारपीट करने वाले दो युवकों के खिलाफ एस्ट्रोसिटी एक्ट और मारपीट की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस ने युवक की पिटाई करने वाले दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।









### करणीसेना के दो गुटों के विवाद का शिकार बना केपी बना...

## रजवाड़ी ढाबे पर चली गोली, संचालक के जांघ में लगी





**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। करणी सेना मूल और करणीसेना जीवनसिंह गुट की आपसी लड़ाई में मंदसौर बायपास स्थित रजवाड़ी ढाबा संचालक कृष्णपालसिंह शिकार हो गया। हालांकि, जांघ में गोली लगने के बाद वह सुरक्षित है। उस पर कुल तीन फायर हुए थे। दो फायर खाली चले गए थे औन नकाबपोश बदमाश मोबाईल फैंक कर भाग निकले।**

मिली जानकारी के अनुसार बायपास पर एयर स्ट्रीप के समीप स्थित रजवाड़ी ढाबे के संचालक कृष्णपालसिंह उर्फ केपी बना रोज की तरह अपने ढाबे के काऊंटर पर बैठे थे। इसी दौरान मुंह पर नकाब ढंके शिवराजसिंह उर्फ होमु पिता विक्रमसिंह सिसौदिया निवासी चांदाखेड़ी थाना दलौदा अपने तीन-चार साथियो के साथ वहां पहुंचा और अंधाधुन तीन फायर कर दिए। इस पूरे मामले में केपी बना को एक गोली लगी, जो उनकी जांघ को चीरते हुए आरपार हो गई। उन्हें तत्काल बड़े अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी थी। हालांकि, उन्हें रैफर करने की बात भी कही जा रही थी। मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरु कर दी है। पूरे मामले मे पुलिस सूत्रो का कहना है कि करणीसेना जीवनसिंह गुट और करणी सेना मूल के शिवप्रतापसिंह पिपलिया हामा गुट के बीच विवाद है। इसी के चलते गोली चालन हुई है। पुलिस जल्द ही आरोपियो को दबोच लेगी।
















# गांधीजी के सिद्धांतों पर चलने वाली एकमात्र राजनैतिक पार्टी कांग्रेस है-विधायक

**शहर ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई, प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर स्पीक अप बेटी बचाओ अभियान शुरू किया गया**



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती शहर ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के राजीव गांधी हॉल पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेस जन गांधी चौराहा स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पार्टी के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, इसके बाद जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दोनो नेताओंकी जयंती मनाईगई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के आह्वान पर स्पीक अप बेटी बचाओ अभियान की शुरुआत की गई एवं बेटियों के अधिकार के लिए निरंतर लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया।

साथ ही मंदसौर नगर पालिका को नगर निगम एवं मन्दसौर जिला मुख्यालय को संभाग बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा शुरू किया गया। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारतीय, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ने हस्ताक्षर करते हुए कहा कि मन्दसौर को संभाग एवं नगर निगम का दर्जा देने की मांग पूर्व में कांग्रेस के शासन में तत्कालीन मंत्री नरेन्द्र नाहटा एवं तत्कालीन विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल द्वारा की गई थी लेकिन सरकार जाने के बाद भाजपा द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई लेकिन अब जब जन अभियान शुरू हुआ है तब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर सहित तमाम भाजपा नेता मन्दसौर को संभाग बनाए जाने की सहमति देकर सिर्फ क्षेत्र के नागरिकों को गुमराह किया जा रहा है। अगर भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं नेता वाकई में यह चाहते है तो तत्काल मुख्यमंत्री से इसकी घोषणा करावे अन्यथा इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति न करें। गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि आज हमें महात्मा गांधी जी के बताए हुए मार्ग व उनके सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है आज देश में गांधीजी के सिद्धांतों पर चलने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी कांग्रेस पार्टी है। गांधी जी ने हमेशा गरीबों वंचित लोगों की हक की लड़ाई लडी है उनके त्याग और बलिदान के कारण ही हम उन्हें राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हैं श्री जैन ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की जय जवान जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री जी अपने सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और देश को मजबूत नेतृत्व प्रदान कर 1965 के भारत-पाक युद्ध के मुख्य शिल्प कार बने।

इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी परिवार से साधन संपन्न होने के बावजूद देश की आजादी में मुख्य भूमिका निभाते हुए अन्याय, अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। गांधी जी ने बुनियादी शिक्षा, प्राकृतिक चिकित्सा, स्वच्छता श्रमनीष्ठता की हमेशा वकालत की। आज देश में दोहरी बातें करने वाले गांधी जी के पद चिन्हों पर कदापि नहीं चल सकते। श्री रातडिया ने शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दे कर देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाया वहीं 1965 के युद्ध में पाकिस्तान के दांत खट्टे किए। हमें उनसे सादगी और सरल स्वच्छ जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, श्रीमती पुष्पा भारती, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री कांतिलाल राठौर, अजय लोढा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारीगण अंजू तिवारी, मोहम्मद खलील शेख आसिफ छिपा, लक्ष्मण मेघनानी, मनजीत सिंह टुटेजा, राजनारायण लाड, रमेश सिंगार, विश्वास दुबे, साबिर इलेक्ट्रीशियन, विजय सिंह सिसोदिया, कमलेश सोनी, गोविंद सुरा, सुनील बसेर, राजेश फरक्या, अनीता भदोरिया, सकलेन करार, संजय नाहर, मंदसौर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी, सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवडा, अजा विभाग के जिला अध्यक्ष संदीप सलोद, मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष सलीम खान, अंबालाल हिंगोरिया, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष साबिर मदारी, मंडलम अध्यक्ष में सर्वश्री विजय जैन, दशरथ राठौर, रमेश ब्रिजवानी, पंकज जोशी, सेक्टर अध्यक्ष में सर्वश्री महेश गुप्ता, सादिक गोरी, आरिफ अंसारी, घनश्याम लोहार, मनोहर नाहटा, राजेश सोलंकी, गोपाल सिंह गुर्जर, अमीन खान, सम्यक जैन, योगिता बैरागी, मुबारिक मेव, कन्हैया लाल मदानिया, दुर्गा शंकर धाकड़, दिनेश यादव, जगदीश जटिया, युवराज सिंह महेश आर्य, रवि विनायका, राकेश सेन, कन्हैयालाल कुमावत, संजय बारोट आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाहरु भाई तंबाकू वाले के निधन होने पर 2 मिनट का मौन रखकर सभी कांग्रेस जनों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया आभार जनकुपूरा मंडलम अध्यक्ष राजनारायण लाड ने माना।



# हॉकी एवं तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** चार दिवसीय अखिल भारतीय हॉकी एवं तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज प्रतियोगिता के मेजबान मध्य क्षेत्र के मालवा प्रांत अंतर्गत मंदसौर विभाग के सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान संजीत मार्ग, मंदसौर परिसर में स्थित सम्राट यशोधर्मन सभागार में हुआ।

मंदसौर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपनी प्राचीन परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए विश्व पटल पर अपने खेल को पहुंचाना होगा। अध्यक्षता कर रहे भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष व मालवा प्रान्त के प्रांतीय सचिव एवं मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय सह-मंत्री श्री प्रकाश धनगर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत के लिए खिलाड़ी को नहीं खेलना चाहिए बल्कि पूर्ण खेल भावना के साथ खिलाड़ियों को मैदान में उतरकर हर गलती से सीखते हुए अपने खेल को उत्कृष्ट बनाना चाहिए। भाव विभोर कर देने वाली स्वागत नृत्य की प्रस्तुति देकर मां दुर्गा अधिष्ठात्री के नौ स्वरूपों का सजीव नृत्य मंचन कर शिशु वाटिका की नन्ही बहनों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक व विद्या भारती मालवा की विद्वत परिषद के प्रांत संयोजक डॉ. रविंद्र सोहनी, भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव श्री अशोक पारीख, समिति के सहसचिव एवं संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री राजदीप परवाल, नगर के केशव नगर विद्यालय को संचालित करने वाली समिति से व्यवस्थापक श्री मिलिंद व्यास, श्री चंद्रशेखर हलकारा, सैनिक स्कूल मंदसौर की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़, प्रधानाचार्य श्री मुकेश पाठक, प्रतियोगिता संयोजक व खेल प्रमुख श्री दिनेश यादव, निर्णायक मंडल, संरक्षक व विभिन्न क्षेत्रों से आए समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष श्री प्रकाश धनगर द्वारा प्रत्येक उपस्थितजन को यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा चलाया जाने वाला स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पर कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इन प्रतियोगिताओं में तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, बिहार गुजरात, राजस्थान, पंजाब व अनेक दूसरे प्रदेशों से 21 हॉकी टीमें व तैराकी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग विभिन्न क्षेत्रों के 550 प्रतिभागी सहभागिता करेंगी।

## नवरात्रि पर्व भव्य रूप से मनाया जाएगा

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** धनगर पूर्बिया समाज ट्रस्ट मंदसौर द्वारा आराध्य देव श्री देवनारायण भगवान के प्राचीन मंदिर बालागंज मंदसौर पर नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व भव्य व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। धनगर पूर्बिया समाज ट्रस्ट अध्यक्ष श्री बंकट हप्पा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी देवनारायण मंदिर बालागंज पर समाज के भोपा महाराज की नौ दिनों तक अखण्ड ज्योति जलाकर भगवान देवनारायण और माता कालका की आराधना की जायेगी।



## दशपुर रंगमंच ने मजरूह सुल्तानपुरी को दी स्वरांजलि

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर रंगमंच ने प्रसिद्ध गीतकार एवं शायर मजरूह सुल्तानपुरी का जन्मदिन उनके लिखे हुए गीतों को गाकर मनाया। कार्यक्रम में अभय मेहता ने मजरूह सुल्तानपुरी के जीवन से सभी को परिचय कराया। आपने उनका लिखा फेमस गीत रूक जाना नहीं तू कही हार के, कांटों पर चलकर मिलेंगे साये बहार के सुनाकर सभी को प्रेरित किया। सतीश सोनी ने गीत क्या हुआ तेरा वादा सुनाया। वहीं आबिद भाई ने गीत वादिया मेरा दामन रास्ते मेरी बाहे सुनाकर दाद बटोरी। सिमरन बेलानी ने गीत है अपना दिल तो आवारा, न जाने किस पे आयेगा को सुंदर रूप से प्रस्तुत किया। राजा भैया सोनी ने युवाओं का गीत पापा कहते है, बड़ा नाम करेगा को सुनाया। लोकेन्द्र पाण्ड्येय ने गीत रात कली एक ख्वाब में आई की सुमधुर प्रस्तुति दी। मीना जैन ने बाहों में चले आओ को अपने सुरीले अंदाज में गाया। आशा तरवेचा ने पत्थर के सनम तुझे हमने मोहब्बत का खुदा जाना को सुनाया। तरंग शुक्ला ने गीत ओ मेरे सोना रे सोना सुनाया। ललिता मेहता ने तुने ओ रंगीले कैसा जादू किया तथा स्वाति रिछावरा ने गीत ओ मेरे दिल के चैन सुनाया। संचालन अभय मेहता ने किया व आभार ललिता मेहता ने माना।

## किसानों के सम्मान में शिवसेना मैदान में, 5 को देगें ज्ञापन

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बेमौसम बारीश से किसानों के सोयाबीन व अन्य फसलों मे हुए नुकसानी आंकलन के सर्वे को लेकर आगामी 5 अक्टुबर शनिवार को प्रात: 11 बजे से शिवसना द्वारा महाराणा प्रताप बस स्टैण्ड से रैली निकालकर मुख्यमत्री के नाम ज्ञापन दिया जाऐगा। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से शिवसेना जिला प्रमुख कमलेश राजगुरू कुरावन, महिला प्रमुख विद्युतलता गुप्ता ने बताया की शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदें एवं प्रदेश प्रमुख राजीव चतुर्वेदी के दिशानिदेर्शन मे उज्ञैन संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, संगठन प्रमुख अशोक शर्मा के नेतृत्व मे किसानों के सोयाबीन का दाम प्रति क्विंटल 6000 रूपया किया जावे। बेमौसम हुई बारीश सें किसानों के फसलों की क्षतीपुर्ति का आंकलन करने के लिए तुरंत पटवारी जैसे मैदान अमले को आदेशीत किया जावे। कार्यक्रम को सफल बनानें के लिए शिवसने के जिला उपप्रमुख नरसिंह बैरागी, तहसील प्रमुख ओमप्रकाश यादव, मंदसौर नगर प्रमुख गोलु पंडित, नगर प्रमुख सविता केथवास, उपनगर प्रमुख विनिता कुवंर, सहनगर प्रमुख महिमा लोहार, पंकज परीहार एवं सभी शिवसेना जिला पदाधिकारी व तहसील के पदाधिकारी मौजुद रहेगें। सभी किसानों से आह्वान है की अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होकर अपनी मांगों के लिए आवाज बुलंद करे।

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज मंदसौर में गांधी जयंती पर स्वच्छता शपथ, पौधारोपण एवं श्रमदान किया

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़े के अंतर्गत एनएसएस इकाई एवं खेल विभाग द्वारा प्राध्यापकों के साथ विद्या वन में श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया।



इस अवसर पर मंदसौर सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए श्रमदान कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांधी जयंती पर हमें अपने आस-पडौस को स्वच्छ रखने की शपथ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान अब जन आंदोलन बन गया है। अब देश का नागरिक जागरूक होकर स्वच्छता अभियान में शामिल हो रहा है। स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने कहा कि दिनांक 17 सितंबर से लगातार एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, श्रमदान, वृक्षारोपण आदि कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज महाविद्यालय द्वारा स्थापित विद्या वन में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री राजू कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों एवं खेल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक, गाजर घास व अन्य कचरे को इकट्ठा कर विद्या वन को 2 ट्राली प्लास्टिक एवं कचरे से मुक्त बनाया। इस अभियान में नगरपालिका मंदसौर का भी सहयोग प्राप्त हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश चंदवानी, प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी ने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों ने गांधी उद्यान परिसर में 15 वृक्ष लगाएं। इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवक मौजूद थे।



# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विशेष सफाई की

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कल 2 अक्टूबर राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जन्म जयंति के उपलक्ष्य में स्वच्छता गतिविधि का आयोजन किया गया। लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत ने भारत माता चौराहा पर स्वच्छता का कार्य किया। जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से झाडू लगाई तथा यहां निकले कचरे को हटाया। भारत माता की प्रतिमा के सामने चौराहा की नपा परिषद के द्वारा आयोजित स्वच्छता गतिविधियों में विशेष सफाई की गई। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला मकवाना, नपासभापतिगण निलेष जैन, कौशल्या बंधवार, शांतिदेवी दिनेश फरक्या, सत्यनारायण भांभी, निर्मला नरेश चंदवानी, पार्षदगण गरिमा भाटी, कमलेश सिसौदिया, दीपक गाजवा, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुनील महाबली, पूर्व पार्षद बाबा पंचोली, अशोक मारू, रामेश्वर मकवाना, उमेश पारिख, अशोक कर्नावट, स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसेडर, राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान, भाजपा नेता मुकेश काला, पटेल मुकेश चनाल, नरेन्द्र बंधवार, राजेश सोनी ऐरावाला, विजय सुराना, बंशी राठौर, पुलकित पटवा, रविन्द्र जादौन, राजकुमार गुप्ता, अम्बालाल चौहान, शंभूसेन राठौर, नपा सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा, गैरेज सहायक जाकिर भाई ने भी स्वच्दता का कार्य किया और यहां निकले कुडे करकट को ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर भिजवाया।



## महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** महात्मा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर मंदसौर के गांधी चौराहा पर स्थापित गांधीजी की प्रतिमा पर नपा परिषद के द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गयां। लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और देश की आजादी के लिये किये गये उनके योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला मकवाना, नपासभापतिगण निलेश जैन, कौशल्या बंधवार, शांतिदेवी दिनेश फरक्या, सत्यनारायण भांभी, निर्मला नरेश चंदवानी, पार्षदगण गरिमा भाटी, कमलेश सिसौदिया, दीपक गाजवा, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुनील महाबली, पूर्व पार्षद बाबा पंचोली, अशोक मारू, रामेश्वर मकवाना, उमेश पारिख, अशोक कर्नावट, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान, भाजपा नेता मुकेश काला, पटेल मुकेश चनाल, नरेन्द्र बंधवार, राजेश सोनी ऐरावाला, विजय सुराना, बंशी राठौर, पुलकित पटवा, रविन्द्र जादौन, राजकुमार गुप्ता, अम्बालाल चौहान, शंभूसेन राठौर, हिम्मत डांगी, अर्जुन डाबर, पुष्पेन्द्र भावसार, नरेन्द्र अग्रवाल, नरेश चंदवानी ने भी माल्यार्पण किया।

# गांधी जी की प्रतिमा को सौंपा ज्ञापन

**2018 शिक्षक भर्ती पद वृद्धि एवं तीसरी काउंसलिंग के साथ पूर्ण कराने की मांग**



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के क्वालिफाइड अभ्यर्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है, इससे पूर्व शिक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पात्र अभ्यर्थियों द्वारा राजधानी भोपाल में सेंकड़ों बार धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन पत्र सौंपे जा चुके हैं। उसके बाबजूद भी अभी तक भर्ती पूर्ण न होने से निराश पात्र अभ्यर्थियों ने मजबूरी बस गांधी जी की प्रतिमा को ज्ञापन पत्र सौंपा है,

ज्ञापन सौंपने के बाद पात्रता परीक्षा संघ प्रदेश संयोजक श्यामलाल रविदास सहित वर्दीचंद विश्वकर्मा, ललिता पालिया, दिनेश बामनिया, रोहित खींची, वीरेंद्र पाटीदार, पंकज व अन्य अभ्यार्थियों ने बतलाया कि उच्च एवं माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2018 पिछले 6 वर्षों र्से नाम मात्र के पदों पर चल रही है जिसमें प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग होने के बाद भी हज़ारों पद अभी भी शेष रह गए हैं। इन पदों पर अभी तक भी तीसरी काउंसलिंग शुरू नहीं की गई है। जिसके कारण ओवर ऐज हो रहें इन उम्रदराज पात्र अभ्यर्थियों को अपने भविष्य की चिंता सताए जा रही हैं। ज्ञापन में प्रमुख रूप से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2018 के उपेक्षित विषयों के रिक्त पदों में वृद्धि कर तृतीय काउंसलिंग शुरू कर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। माध्यमिक शिक्षक भर्ती के अंतर्गत सभी वर्गों कें कुल शेष रहें 2,237 पदों पर चयन सूची जारी की जाए। उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के शेष रहें सभी वर्गों कें 5,935 पदों पर चयन सूचियां जारी की जाए। नामों की पुनरावृत्ति पर पूर्णतया रोक लगाते हुए शेष पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएं।



## भादवा माता में नवरात्रि मेला तैयारियों का जायजा लिया

**नीमच, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र आरोग्य स्थल महामाया मां भादवा मातामाता में 3 अक्टूबर से कार्तिक नवरात्रि पर्व शुरू हो रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भादवामाताजी में नवरात्रि मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में लाखों श्रद्धांलु माताजी के दर्शन करने आएंगे। भादवा माता में आयोजित होने वाले नवरात्रि मेले में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार कों अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया एवं एसडीएम डॉ.ममता खेड़े ने भादवा माता में मेला परिसर माताजी के दर्शन करने आने जाने के रूट कों देखा और नव निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नवरात्रि के दौरान पार्किंग व्यवस्था , मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश एवं निर्गम की व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं आदि विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## घंटाघर पर श्री राधाकृष्ण ग्रुप करेंगा नौ दिनों तक मां की आरधना

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के हृदय स्थल आजाद चौक घंटाघर पर श्री राधाकृष्ण ग्रुप द्वारा नवरात्रि पर्व के दौरान नौ दिनों तक मां की आराधना की जायेंगी। इस अवसर पर गंगा आरती व पारंपरिक गरबे का आयोजन भी किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री राधाकृष्ण ग्रुप के अध्यक्ष विश्व मोहन अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आजाद चौक घंटाघर पर गंगा आरती व पारंपरिक गरबे की परंपरा को जीवंत रखते हुए ग्रुप द्वारा 9 दिवसीय हरिद्वार की तर्ज पर मां गंगा आरती व पारंपरिक गरबा का आयोजन कर मां की आराधना की जायेंगी। इसी श्रृंखला में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा गरबा, शस्त्र गरबा, रामायण मंचन व सप्तमी अष्मी नवमी पर विशेष प्रस्तुति दी जावेगी। गुरप ने नगर की धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने का निवेदन किया है।

# महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती मन्दसौर ग्रामीण ब्लॉक के ग्राम अमलावद में मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर मुख्य रूप से मन्दसौर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन, गांधीवादी विचारक श्री राजेश जी तिवारी ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य विकास दशोरा, कार्यकारी ब्लॉक ब्लाक अध्यक्ष डॉ घनश्याम कुमावत, सेक्टर अध्यक्ष कैलाश कुमावत, सरपंच प्रतिनिधि बालकिशन मालवीय, जिला कांग्रेस सचिव प्रहलाद शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, ब्लॉक महामंत्री भगत अहिरवार, ब्लॉक प्रवक्ता शैलेश माली ,नगर अध्यक्ष गण रमेश धनगर, गगन माली, ब्लॉक पदाधिकारी गण परमानंद पाटीदार, संदीप पाटीदार ,अंबालाल पाटीदार, हरीश पाटीदार ,प्रेम अहिरवार , राजेश सोनी ,आशाराम अहिरवार, अनिलदास बैरागी,अर्जुन पाटीदार, कमलेश पाटीदार, गोविंद पाटीदार आदि अनेक कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे इस अवसर पर विधायक विपिन जी जैन ने गांधीजी एवं शास्त्री जी के जीवनकाल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें उनके पद चिन्हों पर सदैव चलना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजेश जी तिवारी ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के पूरे जीवन के वृतांत एवं उनके द्वारा किए गए आजादी के कार्यों र्एवं देश हित में लिए गए निर्णयों के बारे में सभी को अवगत कराया। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष विकास दशोरा ने किया एवं आभार एवं आभार ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम कुमावत ने माना।

# गलत परंपराओं को दूर करने का काम हम सबको मिलकर करना होगा-उप मुख्यमंत्री

**पहले स्वयं सफाई करें फिर दूसरों को प्रेरित करें, डिगावमाली में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर संपन्न**



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम डिगावमाली में अस्पर्शयता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा शामिल हुए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्रीदेवड़ा ने छात्रावास में अध्यनरत बच्चों को खेलकूद सामग्री एवं स्कूल की सामग्री वितरित की। अंतरजाति विवाह करने वाले हितग्राहियों को दो लाख रुपए की सहायता राशि का लाभ प्रदान किया। शिविर में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग श्रीमती रेखा पांचाल सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण, कर्मचारी, स्कूल के बच्चे, गांव के नागरिक, पत्रकार मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि गलत परंपरा को दूर करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। जमाना बहुत बदल चुका है। भेदभाव को दूर करने के लिए सभी में सद्भावना का विकास होना चाहिए। सद्भावना को आगे बड़ाना होगा। सभी कार्य मन से करने होंगे। जो भी व्यक्ति शोषित है, कमजोर है, पीड़ित है उसको आगे की पंक्ति में लाने का काम सरकार ने किया है। सभी ने मनुष्य के रूप में जन्म लिया है। परमात्मा किसी के साथ में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करता है। सारी व्यवस्थाएं परमात्मा ने बहुत अच्छे से की है। स्वच्छ भारत मिशन को आज 10 वर्ष पूर्ण हुए हैं। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सिर्फ एक व्यक्ति के सफाई करने से सफाई नहीं होगी, उसके लिए हम सभी को मिलकर प्रतिदिन सफाई करनी होगी। पहले हम स्वयं सफाई करें। फिर दूसरों को सफाई के लिए प्रेरित करें। स्कूल शिक्षा का पवित्र मंदिर होता है। उसके चारों ओर सफाई करें। सफाई करने से कोई गंदा नहीं होता है, हाथ धोने से हाथ साफ हो जाते हैं। सफाई करने में किसी तरह का संकोच नहीं करना चाहिए।गांव में 20 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

# क्या कहती हैं आज की गोलीबारी की घटना..?



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। सरेआम गोलीबारी, जानलेवा हमले, झूठे केस में गरीब लोगों को फसाना, माफिया को खुले आम संरक्षण देना, कहीं मासूम बालिकाओं के साथ दुराचार तो कहीं महिलाओं पर अत्याचार तो कहीं भू माफिया द्वारा लोगों की जमीनों पर अतिक्रमण तो कहीं मकानों, दुकानों पर जबरन कब्जा, तो कहीं डोडा चूरा, अफीम, एमडीएम पाउडर के नाम पर निर्दोषों पर केस, तो कहीं शराब की खुलेआम तस्करी, नकली शराब का खुला कारोबार...

**आखिर चल क्या रहा है मंदसौर जिले में ...**

एक पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक के नगर सुवासरा को आमजन द्वारा इसलिए बंद कराया गया कि नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। मन्दसौर नगर में और आसपास के समूचे क्षेत्र में नशे का जो खुलेआम खाकी के साए में कारोबार चल रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। बुधवार देर शाम रजवाड़ी ढाबे पर जो घटना हुई है, वह भी इसी नशे के कारोबार का परिणाम लगता है।

मैं तो कहता हूं कि खाकी की वर्दी की आड में वर्षों से मंदसौर के 'नशा व्यापार' को संरक्षण देने वाले दागदार अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान कर जिले के नए कप्तान को कठोर कार्यवाही करना चाहिये। जो कई वर्षों से मन्दसौर जिले के थानों में जमे हुए है और खाकी की आड़ में अपने धंधे चला रहे है। ऐसे पुलिस कर्मचारियों और अधिकारीयों को चिन्हित कर उन्हें उनकी सही जगह दिखाना चाहिए।

**डॉ. राघवेंद्रसिंह तोमर**
**अध्यक्ष शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर**





# मंदसौर को संभाग बनाने की मांग का आंदोलन शुरू, पोस्टकार्ड अभियान से हुई शुरुआत

## प्रथम दिवस राज्यसभा सांसद, विधायक एवं नपाध्यक्ष सहित नगर वासियों ने तीन हजार पोस्टकार्ड लिखे

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** यह मंदसौर नीमच जिले का दुर्भाग्य रहा है कि इस क्षेत्र को मिलने वाली हर वांछित सुविधा या तो रोक जाती है या छीन ली जाती है। और कहीं और उन सेवाओं को और सुविधाओं को शिफ्ट कर दिया जाता है। बगैर संघर्ष के हमें कुछ नहीं मिलता। और हमारे मौन रहने पर हमारे हक भी छीन लिया जाते हैं।

इन विचारों के साथ 2 अक्टूबर को गांधी चौराहे पर मंदसौर नागरिक मंच आप और हम द्वारा मंदसौर को संभाग बनाने की मांग का आंदोलन पोस्टकार्ड अभियान के साथ शुरू किया गया। लगभग 3000 पोस्टकार्ड प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नाम लिखे गए अभियान का आरंभ भारत माता के चित्र पर राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर एवं नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। नागरिकों ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मंदसौर नीमच जिले के दूरदराज के कस्बे और गांव के लोगों को संभागीय स्तर का कार्य के लिए लंबी दूरी उज्जैन तय करना पड़ती है। मंदसौर को मिल सकने वाली इस एक बडी सौगात से वंचित नहीं किया जाए। सन 2017 में मंदसौर नीमच जिलों के सभी विधायकों ने मंदसौर को संभाग का दर्जा दिए जाने की मांग की है। मंदसौर क्षेत्र के लिए ये फिर से परीक्षा की घडी है.. हमें अपनी प्रत्येक सौगातो और सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ता है इन मनोभावों के साथ पोस्टकार्ड लिखकर अभियान में नागरिकों ने संभाग बनाने की मांग की है। मंदसौर के सामाजिक संगठन, समाजसेवी संस्थाएं मीडिया प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या इन इस अभियान में जुड़े। सभी की मांग है कि संभाग बनना यह मंदसौर का नैसर्गिक अधिकार है। जो उसे मिलना ही चाहिए। और यदि मंदसौर के लोगों को इस अधिकार से वंचित किया जाता है तो यहां के हितों पर बहुत बड़ा कुठाराघात होगा।और यहां की जनता इस बात को कतई बर्दाश्त नहीं कर पाएगी।

**तमाम तरह की अनुकूलताएं मंदसौर को संभाग बनाने की–** मंदसौर संसदीय क्षेत्र के जावरा और जिले के गरोठ क्षेत्र से भी जिला बनाने की मांगे उठ रही है यदि जावरा और गरोठ को भविष्य में जिला बनाया जाएगा तो स्वाभाविक दावा संभाग के लिए मंदसौर का होता है। यह बात सब अच्छी तरह जानते हैं भले ही ना मानो। भौगोलिक दृष्टि से वर्तमान में उज्जैन संभाग है तो मंदसौर नीमच जिले के नगरों और गांवों से दूरी अधिक है। पोस्टकार्ड अभियान में यह भावना भी व्यक्त की गई है कि जावरा और गरोठ को जिला बनाने की मांग का हम समर्थन करते हैं किंतु हमारे मुख्य मांग मंदसौर को संभाग बनाने की है। पोस्टकार्ड अभियान में शामिल होने वालों और पोस्टकार्ड लिखने वालों में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर विधायक विपिन जैन नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर तथा सर्वश्री गुरुचरण बग्गा अभय डोसी, नरेन्द्र अग्रवाल,ब्रजेश जोशी,रमेश चंद्र चंद्रे हिम्मत डांगी,अर्जुन डाबर कन्हैयालाल सोनगरा, शरद धीग, रत्नेश कुदार, उमेश पारेख,प्रदीप भाटी,पुलकित डांगी उच्च न्यायालय के सेवा निवृत न्यायधीश गिरिराजदास सक्सेना, डॉ विजय शंकर मिश्र,डा घनश्याम बटवाल,नंदू भाई आडवाणी,नरेंद्र कुमार मेहता, अरविंद सारस्वत,महेंद्र सिंह गुर्जर,अजय लोढ़ा,राघवेंद्र सिंह तोमर, जगदीश चन्द्र चौधरी,सीमा चोरड़िया, सूरजमल गर्ग, नंदकिशोर अग्रवाल, महेश चंद्र सोमानी, राजमल गर्ग, अजीजुल्लाह खान,सुभाष जैन,अजय तिवारी,रूपनारायण मोदी,सुभाष जैन,मुकेश निडर,पिपलिया मंडी, अजीजुलुल्लाह खान खालिद राजाराम तंवर, शाकिर हुसैन गढ़वी, निलेश जैन, कोमल प्रकाश जैन पंछी, रमेश भाटी, तेजपाल सिंह धाकड़ी, डॉ आशीष खिमेसरा, मनजीत सिंह मनी, राजेश पाठक, सत्येंद्र सिंह सोम, अर्चना पाठक, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, चंद्रशेखर निगम, अनिल अग्रवाल,दिलीप जैन, राजेंद्र कुमार चाष्टा जयेश डांगी,विजय सिंह पुरावत, संजय नीमा ,मुकेश काला,अशोक कर्णावत, रामेश्वर मकवाना, नरेश चंदवानी, रामेश्वर मकवाना, प्रहलाद राय गुप्ता, पटेल मुकेश चनाल, दीपक गाजवा, विजय सुराणा, अरविंद सारस्वत, गरिमा भाटी हितेश भाटी, दिलीप सेठिया, जयेश नागर ,आशीष देवड़ा , कन्हैयालाल भाटी ,नरेंद्र कुमार खंडेलवाल ,इंजीनियर बीएस सिसोदिया योग गुरु बंसीलाल टॉक, गिरिरजाशंकर रूनवाल, दयाल गिरी गोस्वामी, आरसी पांडेए अरुण गौड ,संजय जैन श्वेता, ब्रजेश मारोठिया, नवीन खोकर, मुकेश खिमेसरा,देवेंद्र मौर्य, डॉ चंदा कोठारी, भरत कोठारी, राजेश शुक्ला, प्रदीप मिंडा ,सुरेश राठौड ,विकास जैन, जगदीश काला, राकेश दुग्गड, दिलीप सेठिया, नंदलाल राठौर, देवीलाल सोनावत, हेमंत कुमार पाराशर, अनिल नराणिया ,अजय फांफरिया एस एन अग्निहोत्री, राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट, मनीष सोनी,नवनीत सोलंकी, रमेश काबरा, दिलीप सोमानी, मोहनलाल राठौड़ ,मदनलाल धनगर ,मुकेश सोनी, एमपी सिंह परिहार, आनंद तंवर प्रांजल शर्मा, धीरेंद्र कदम,दीपक सकलेचा,शलभ अरोड़ा, वासु सोमानी,निरंजन रत्नावत विजय पलोड़,जितेंद्र मित्तल,दिनेश गर्ग, सत्यनारायण छापरवाल,सुरेश सोमानी,अजय फ़ाफ़रिया, रमेश भाटी, दिनेश चंदवानी, इंजीनियर रामगोपाल गुप्ता, जगदीश सेठिया, प्रकाश सेठिया, कमल कोठारी, एडवोकेट गौरव रत्नावत, सचिन पाटनी, अनिल अग्रवाल , सुरेश भवसार,अप्रेस भंडारी, दिलीप रांका, सुनील तलेरा, सुनील जैन महाबली, मुकेश खिमेसरा, सहित बड़ी संख्या में नगर वासी एवं मातृशक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंदसौर नागरिक मंच आप और हम के समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल और ब्रजेश जोशी ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: 10 से दोपहर 12:00 तक गांधी चौराहा पर मंदसौर संभाग बनाओ आंदोलन के तहत पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाएगा।आम नागरिक मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान में सम्मिलित हो और पोस्टकार्ड लिखे। मंदसौर को संभाग बनाने की मांग करें। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी ने दी है।

**आचार्य रामानुज जी ने भी किया संभाग बनाने का समर्थन–** श्री राम कथा एवं भागवत कथा के मर्मज्ञ विद्वान श्री तलाई वाले बालाजी के परम भक्त आचार्य श्री रामानुज जी महाराज राजकोट ने भी आज ऑनलाइन मंदसौर को संभाग बनाने की मांग का किया समर्थन-आचार्य श्री को उनके जन्मदिवस पर मंदसौर को संभाग बनाओ समिति के समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल ने जब दूरभाष पर जन्मदिन की बधाई देते हुए मंदसौर में आज से आरंभ किए गए इस अभियान की जानकारी दी तो उन्होंने दूरभाष से ही आमजन को आशीर्वचन देते हुए कहा कि मंदसौर को संभाग का दर्जा जरूर मिलना चाहिए । हर दृष्टि से मंदसौर उपयुक्त है। मंदसौर का वातावरण धार्मिक है और यहां के नागरिक भी जागरुक है क्षेत्रफल की दृष्टि से भी मंदसौर जिला संभाग के लिए सही भी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह वैसे तो राजकोट रहते हैं लेकिन मंदसौर से उनका गहरा लगाव है इसलिए मुख्यमंत्री जी को वह भी राजकोट से एक पत्र मंदसौर को संभाग बनाए जाने को लेकर लिखेंगे। आपने मंदसौर क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता से आव्हान किया कि अपने मंदसौर को संभाग बनाए जाने को लेकर एक-एक पोस्टकार्ड प्रत्येक नागरिक लिखें।

नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला ने वार्ड क्र. 1 में 15 लाख से अधिक विकास कार्यों का...

# मांग पत्र राज्यसभा सांसद गुर्जर को सौंपा



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका उपाध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 1 में विभिन्न विकास कार्यों की एक मांग पत्र राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को सोपा। जिसमें सडक एवं नाली निर्माण सहित अन्य प्रमुख कार्य है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला ,रेडक्रास चेयरमैन प्रीतेश चावला एवं वार्डवसियों द्वारा वार्ड क्रमांक 1 में नगरपालिका द्वारा भी कई विकास कार्य किए हैं और कई सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियां लगातार वार्ड क्रमांक 1 में होती रहती हैं। ऐसे में वार्ड में अवेध और अविकसित कॉलोनी में विकास के लिए भी वे लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उन्होंने बुधवार को राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को वार्ड क्रमांक 01 में अवैध एवं अविकसित कॉलोनियों में सडक एवं नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो के लिए राज्यसभा निधि से 15 लाख 50 हजार की मांग की ओर एक पत्र सोपा। नम्रता प्रितेश चावला ने कहा कि वार्ड क्रमांक में 1 में कई कॉलोनी अवैध और अविकसित है जिनमें नगर पालिका द्वारा विकास कार्य नहीं करवाया जा सकता यहां के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं साथ ही गलियों में कीचड और असुविधाओं से परेशान है उन्होंने डायमंड किराना गली मैं सड़क निर्माण नाहर सैयद कॉलोनी में सडक एवं नाली निर्माण जैसे कार्यों की पत्र सौंपा। जिस पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने उन्हें आश्वस्त किया है कि नगर के विकास कार्यों के लिए कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और इन मांगों पर जल्द ही स्वीकृति दी जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रितेश चावला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# गंदगी हम करते है और जवाबदारी दूसरों की बताते, इससे बचना होगा-विधायक मारू

## अटल बिहारी सभाकक्षा में स्वच्छता दिवस मनाया, सफाई मित्र एवं स्कूल बच्चों का सम्मान किया



**मनासा, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गंदगी हम ही करते है और जवाबदारी दूसरों की बताते है इस आदत से बचना होगा इसे बदलना भी होगा। जो गंदगी हमने की है उसकी जवाबदारी भी हमारी है हम उसका कैसे निष्पादन करें। रोज कचरा गाडी आती है उसमें सुखा गीला कचरा अलग अलग डाले। दिखावा नहीं करते हुए हम स्वच्छता को हम व्यक्तिगत आदतों में शामिल करे। साफ सफाई को जीवन का नियमित हिस्सा बनाए।

यह बात विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू ने कही। वह नगर परिषद द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में आयोजित स्वच्छता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन एवं अमृत योजना अंतर्गत 685 करोड की योजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपुजन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। मनासा में विधायक श्री अनिरूद्ध (माधव) मारू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर भाजपा मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष श्री मुकेश डांगी, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा तिवारी, उपाध्यक्ष श्री किशोर जोलान्या, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्री अजय तिवारी स्वच्छता सभापति श्री राजू माली, पार्षद श्री प्रवीण जोनवाल, श्री बाबूलाल कछावा पार्षद प्रतिनिधि श्री सचिन राठौर, श्री लाला राठौर, श्री दिनेश राठौर, श्री जाकीर हुसैन, कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री अश्विन सोनी आदि मंचासीन थे। सरस्वती पूजा एवं महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितेश कुमार पाटीदार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता की सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में नगर परिषद एवं स्कूलों द्वारा की गई गतिविधियों से अवगत कराया। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने कहा पुरस्कार से ज्यादा दंड की मान्यता है परिवार भाव के साथ काम करेंगे, सार्वजनिक सम्पति नगर परिषद की नही हमारी भी है सडक पर कचरा ना फैके। आज कार्यक्रम में व्यापारी बंधु और सभी सामाझिक और स्वयं सेवी संगठन भी उपस्थित है आप सभी स्वच्छता में सहभागी बनेंगे तो बदलाव अवश्य होगी। व्यापारी बंधु अपनी अपनी दूकान पर डस्टबीन रखे। अतिथि उदबोधन के बाद स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम भाग लेने वाले स्कूल बच्चों, कॉलेज के एनसीसी व एनएसएस विद्यार्थी के साथ ही स्वच्छता अभियान में सहभागी बने सभी संगठन एवं स्व सहायता समुह प्रेस क्लब को भी सम्मानित किया गया। सफाई मित्र का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रवीण जोनवाल एवं आभार स्वच्छता सभापति राजू माली ने माना।

**ग्रीन फील्ड को मिला प्रथम स्थान–** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्कूल की सहभागीता सुनिश्चित की गई थी। इसमें नगर के विभिन्न स्कूलों ने साईकिल रैली, वेस्ट से बेस्ट, स्वच्छता पर रंगोली, निंबध प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। इस 2 अक्टूबर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। इसमें ग्रीन फील्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीन फील्ड स्कूल ने वेस्ट से बेस्ट पर पॉलिथिन का पेड बनाने के साथ ही रंगोली स्पर्धा, मानव श्रृंखला बनाने के साथ ही ट्रेचिंग ग्राउंड पर विजिट पर वृक्षारोपण किया और स्कूल द्वारा वेस्ट से बेस्ट पर एक स्टैच्यू भी बनाया जा रहा है। द्वितीय स्थान कार्मल कान्वेंट और तृतीय स्थान रामनाथ मारू सरस्वती स्कूल ने प्राप्त किया।

## गायत्री शक्तिपीठ पर पूर्ण श्रद्धा व भक्ति से मनेगा नवरात्रि पर्व

**मनासा, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री शक्तिपीठ मनासा पर शारदीय नवरात्रि पर्व पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति - साधना के साथ संपूर्ण नव दिवस दिनांक 3 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा। प्रतिदिन प्रात: 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक गायत्री मंत्र अखंड जाप का कार्यक्रम रहेगा ,जो भी परिजन अखंड जाप में शामिल होना चाहते हैं वह अपना नाम शक्तिपीठ पर लिखवा दें 1 घंटे का समय जप के लिए देना है। प्रति दिवस विभिन्न भारतीय संस्कृति के संस्कार नि:शुल्क संपन्न करवाए जाएंगे। जिन परिजनों को संस्कार करवाना है वह अपना नाम गायत्री शक्तिपीठ मनासा पर लिखवा दें। उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर लें ।प्रतिदिन प्रात 7:30 बजे से पंच कुंडीय यज्ञ - हवन होगा। पूर्णाहुति दिनांक 11 अक्टूबर 2024 को सामूहिक कन्या पूजन के साथ होगी।अधिक से अधिक धर्म प्रेमी भाई-बहन प्रतिदिन होने वाले नि:शुल्क हवन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। मां गायत्री एवं परम पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## दो अक्टूबर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया

**नारायणगढ़, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद नारायणगढ़ द्वारा, स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' दिनाँक 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 चलाया गया. शासन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रमोद जी जैन से प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक 02 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप मे मनाया गया. केंद्र मे माननीय प्रधानमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में व राज्य स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर परिषद नारायणगढ़ के सभा हाल मे दिखाया गया. स्वच्छता ही सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों, विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं, स्वच्छता चैंपियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष महोदय श्रीमती ममता कुंवर जी चौहान, उपाध्यक्ष महोदय वीरेंद्र जी रुपरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद जी जैन, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिनेश जी दक, पार्षद गण, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, छात्रा छात्राएं, सफाई मित्र एवं निकाय कर्मचारी मौजूद थे. कार्यक्रम में पधारे हुए सभी गणमान्य नागरिकों को नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. आयोजित कार्यक्रम जीरो वेस्ट पर आधारित था।

# जिला गरबा मण्डल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला गरबा मण्डल मंदसौर अध्यक्ष हिम्मत डांगी ने जिला गरबा मण्डल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है।

श्री डांगी ने जिला गरबा मण्डल मंदसौर संयोजक सावन सांखला, मार्गदर्शक मण्डल ब्रजेश जोशी, मनोज सांखला, विमलचन्द्र मच्छीरक्षक, मनीष भावसार, जीवन गोसर, सुनील जैन महाबली, रूपनारायण सत्यवासी, शरद धींग, नरेन्द्र अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, संरक्षक मण्डल में दिलीप शर्मा, कुलदीप सिसौदिया, ओमपकाश सांखला, कन्हैयालाल सोनगरा, पं. अशोक त्रिपाठी, अर्जुन डाबर, राजू अखेरिया, आशुतोष नवाल, बाबूलाल चौहान, मनोज शुक्ला सीतामऊ, राजेश चौधरी गरोठ, डॉ. बालाराम सुवासरा, उपाध्यक्ष प्रीतिपालसिंह राणा, भगवानसिह एडवोकेट, राजू सतीदासानी, कपिल मावर, दिलीप ग्वाला, गुड्डू गडवाल, अनूप परमार, पंकज परिहार शामगढ़, सुरेश राठौर, ईश्वरसिंह चौहान, संजय गोयल, पार्षद रमेश ग्वाला, पुलकित पटवा, स्वागत अध्यक्ष राजेश सांखला, महेन्द्र सांखला, मोहन बारिया, गोविन्द नागदा, जयेश डांगी, प्रचार मंत्री शैलेन्द्र सिसौदिया, शंभुसेन राठौर, संजय भाटी, मनीष खत्री, विनोद डगवार, मुकेश होतवानी, शैलेन्द्र गोस्वामी, अनिल मालवीय, शंकर ककनानी, महामंत्री अनूप माहेश्वरी, अमन फरक्या, जयप्रकाश पमनानी, रामेश्वर मकवाना, सत्यनारायण भांभी, रमेश ब्रिजवानी, आशीष गौड, अम्बालाल चौहान, राजेश सौलंकी, प्रीतम पंचोली, पार्षद गोवर्धन कुमावत, पुलकित डांगी, संगठन मंत्री नवीन सकलेचा, मयंक मावर, कपिल देवड़ा, नेमीचंद राठौर, मंगल बैरागी, राजेश चाहूजा, रवि ग्वाला, पुष्पेन्द्र भावसार, गोवर्धन पाण्डा नालछा माता, प्रवीण शर्मा, विनोद निनामा अचेरा, विश्वमोहन अग्रवाल, रमेश राठौर काश्तकार, शंकरलाल परमार, युवराजसिंह (कचनारा), दिलीप गुप्ता (नाहरगढ़), भारतसिह डांगी (रामगढ़), लालचंद डोडिया, कोषाध्यक्ष राकेश बगेरिया, सह कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र सांखला, मातृशक्ति प्रमुख किरण मावर, पुष्पा भण्डारी, बिन्दू चन्द्रे, सुनीता भावसार, मंत्री नितिन ब्रिजवानी, जगदीश मंगरोरा, संजय देवड़ा, मांगीलाल कुमावत, दीपू यादव, विक्रम भैरवा, संवाद संपर्क सुरेश भावसार, गोलू चौहान, सचिन जैन, जितेन्द्र शर्मा, दौलत शर्मा जवासिया, रमेश चौहान, पंकज परमार, आई.टी. सेल शरद शर्मा, पिंटू शर्मा, पंकज रैकवार को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मोहन मलैया, नवीन खोखर, रमेश परवाल, अशोक बघेरवाल, उत्सव जैन सीतामऊ, सज्जन खमेसरा, विशाल कलोसिया गांधीसागर, धीरज संघवी शामगढ, राजेन्द्र राठौर सीतामऊ, दिनेश प्रजापत मल्हारगढ़, किशोर रोचवानी पिपलियामंडी, दिनेश दख नारायणगढ़, अजय शर्मा मंदसौर, आशीष सक्सेना मंदसौर, भूपेन्द्र सांखला मंदसौर को लिया गया। आज भी जिला गरबा मण्डल अध्यक्ष हिम्मत डांगी ने बताया कि आज 3 अक्टूबर, बुधवार को प्रात: 11.30 बजे धर्मसेवी सावन सांखला परिवार द्वारा सांखला मार्केट वरूणदेव मंदिर के सामने, शुक्ला चौक मंदसौर पर माताजी की 101 तस्वीर का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी संरक्षक पं. अशोक त्रिपाठी ने दी।

# सर्वपितृ अमावस्या पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया तर्पण



**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा मंदसौर प्रतिवर्ष श्राद्ध पक्ष में प्रात: 8.30 से 10.30 बजे तक गौतम नगर कालाखेत स्थित शक्ति पीठ मंदसौर पर भारतीय संस्कृति के श्राद्धपक्ष में प्रतिदिन तिथि के अनुसार तर्पण एवं दिवंगत आत्माओं की प्रार्थना का क्रम लगातार चलता है जिसके तहत अंतिम दिन 2 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या पर सैकड़ो नगर के श्रद्धालुओं ने अपने दिवंगत परिवारजनों का तर्पण किया व उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।**

गायत्री शक्तिपीठ के युवा प्रकोष्ठ प्रभारी पवन गुप्ता, श्रीमती चन्द्रकला सेठिया, रेखा सिंह, दिलीप माहेश्वरी द्वारा प्रतिवर्ष सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाई गई। कार्यक्रम को विधि विधान से देवालय प्रभारी नरेश त्रिवेदी द्वारा कार्यक्रम एवं आत्माओं की शांति को मंत्र उच्चारण के साथ पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में जो बाधाएं उत्पन्न होती है उन बाधाओं को दूर करने का काम भी यह सूक्ष्म आत्माएं करती हैं। भारतीय संस्कृति में पुनर्जन्म के साथ ही जन्म-जन्मांतर के संबंध हमारे आत्माओं से रहते हैं उनकी आत्मा को हम स्मरण एवं उनको याद करते हैं तो वह आत्मा में बहुत सहयोग प्रदान करती हैं। गायत्री परिवार द्वारा देव संस्कृति का पुनर्जागरण का कार्यक्रम परम पूज्य गुरुदेव का सपना था उसको पूरा करने के लिए सैकड़ो साधक निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक गायत्री शक्तिपीठ पर यहआयोजन करने की अपील भी युवा प्रकोष्ठ प्रभारी पवन गुप्ता ने की है उन्होंने आह्वान किया है कि परमपूज्य गुरुदेव का सपना धरती को स्वर्ग बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ाना है। यह जानकारी देवालय व्यवस्थापक दिलीप माहेश्वरी द्वारा दी गई।

स्वच्छ मंदसौर की परिकल्पना का मकसद प्लास्टिक और अन्य हानिकारक वस्तुओं के उपयोग को कम करना था, न कि...

# गायों को गुड़ खिलाने जैसे छोटे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** 'स्वच्छ मंदसौर, क्लीन मंदसौर' की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए जागरूकता और ठोस कदम उठाने की महती आवश्यकता है। इंदौर की तरह जहां डिस्पोजल क्रॉकरी को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है, मंदसौर को भी इसी दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। डिस्पोजेबल वस्तुओं, विशेष रूप से प्लास्टिक क्रॉकरी, का उपयोग न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

होटलों और चाय की दुकानों में प्लास्टिक डिस्पोजल में चाय या अन्य खाद्य पदार्थ परोसने की प्रथा आम हो गई है। हालांकि, यह माइक्रोप्लास्टिक के माध्यम से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकता है। माइक्रोप्लास्टिक मानव शरीर में प्रवेश कर स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डालता है, जबकि यह पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा रहा है।



नेमीचंद राठौर

यह प्लास्टिक हमारे जल स्रोतों और मृदा में प्रवेश कर पारिस्थितिक तंत्र को भी खतरे में डालता है। मंदसौर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के बजाय ध्यान एक अजीब विषय पर केंद्रित कर दिया गया है। हाल ही में मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने एक ऐसा तुगलकी आदेश जारी किया जिसमें गायों को गुड़ खिलाने पर नागरिकों को नोटिस दिया गया। यह तर्क दिया गया कि गुड खिलाने से गंदगी फैलती है, मक्खी-मच्छर पैदा होते हैं और संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ता है। लेकिन यह विडंबना है कि इस तुगलकी आदेश के पीछे असली मुद्दा – सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल क्रॉकरी का अनियंत्रित उपयोग – कहीं छिप गया है। स्वच्छ मंदसौर की परिकल्पना का मकसद प्लास्टिक और अन्य हानिकारक वस्तुओं के उपयोग को कम करना था, न कि गायों को गुड खिलाने जैसे छोटे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना। अगर मंदसौर को वास्तव में स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, तो प्रशासन और नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त कदम उठाने होंगे।

**सामाजिक जागरूकता और ठोस कदमों की आवश्यकता–** मंदसौर में सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल क्रॉकरी के बढ़ते उपयोग को नियंत्रित करने के लिए नागरिक जागरूकता आवश्यक है। जिस प्रकार से इंदौर ने डिस्पोजल क्रॉकरी पर रोक लगाकर एक उदाहरण पेश किया है, उसी प्रकार मंदसौर में भी नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त जीवन की दिशा में जागरूक करना होगा।

**प्रशासनिक सख्ती:** सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल क्रॉकरी पर कठोर प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए और इसके उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे प्लास्टिक के अनियंत्रित उपयोग को कम करने में मदद मिलेगी।

**जन जागरूकता अभियान:** लोगों को प्लास्टिक और डिस्पोजल वस्तुओं के नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए जन अभियान चलाया जाना चाहिए। स्थानीय बाजारों, होटलों, और अन्य स्थानों पर प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पुन: उपयोग होने वाली वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**समाज का सहयोग:** समाज के हर वर्ग को इस मुहिम में साथ देना होगा। केवल प्रशासनिक आदेशों से समस्या का समाधान संभव नहीं है। समाज के लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनना होगा।

**शिक्षण संस्थानों की भागीदारी:** स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। यह अगली पीढ़ी को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने में मदद करेगा। मंदसौर में स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में ठोस कदम उठाने का समय आ गया है। प्रशासन को अपने ध्यान को भटकाने वाले मुद्दों से दूर कर, असली समस्या पर फोकस करना चाहिए – जो है सिंगल यूज प्लास्टिक का व्यापक उपयोग। गायों को गुड खिलाने जैसे छोटे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने से बड़ी समस्याओं का समाधान नहीं होगा। इसके बजाय, नागरिक जागरूकता, प्रशासनिक सख्ती, और समाज के सहयोग से ही 'स्वच्छ मंदसौर, क्लीन मंदसौर' का सपना साकार हो सकता है। आइए, हम सभी मिलकर इस दिशा में अपना योगदान दें और एक स्वस्थ, स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील समाज का निर्माण करें।

# कांग्रेस को फिर जनमानस में स्थापित करना है तो राहुल गांधी को संगठक बनना पड़ेगा..!

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आजादी के बाद से देश में लगातार सबसे ज्यादा समय तक कांग्रेस की सरकारें रही है। इस दृष्टि से देश के राजनीतिक परिदृश्य की बारीकी से समीक्षा करें तो साफ नजर आएगा कि कांग्रेस संगठन हमेशा सक्रिय रहकर अपने ही संगठन पर कुल्हाड़ी मारता आया है। जिस कांग्रेस को तस्तरी में केंद्र से लेकर पंचायत तक की सरकार मिलती रही वही सौ साल से अधिक पुरानी राजनीतिक पार्टी आज फिर से सिर्फ पंचायत, राज्यों में सरकार बनाने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। बावजूद इसके नतीजे कांग्रेसियों के लिए उत्साह जनक नहीं आ पा रहे हैं। जब से भाजपा में नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय नेता की तरह उदय हुआ है, पहले दशक के नतीजे में कांग्रेस का राजनीतिक आकार इतना छोटा नजर आया है कि वह मुश्किल से ही नजर आ रहा था। स्थिति ऐसी रही कि वजूद में बने रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



चन्द्रमोहन भगत

इधर जब नरेंद्र मोदी की राजनीतिक धमक घटने लगी, तब से विकल्प के रूप में कांग्रेस के पुनर्स्थापना के अंक बढ़ने लगे है। आज भी कांग्रेस जितने लोकप्रियता के अंक ला पाई है, वह भी भाजपा सरकार के प्रति नाराजी के कारण मिले हैं। अगर जनमत में फिर से मोदी सरकार के प्रति नाराजगी घट जाती है तो स्वत: कांग्रेस के अंक भी घट जाएंगे। इस तथ्य को कांग्रेस समर्थक सिरे से खारिज करेंगे पर निष्पक्ष नजर रखने वाले तथ्य परोसते हैं कि वर्तमान में कांग्रेस ने जो अंक सांसदो का पाया है, वह राजनीतिक वातावरण में बदलाव के कारण है। इसके लिए ना विचारधारा का प्रचार किया ना ही नेताओं ने मेहनत कर जनमत बढ़ाया है। इस दावे का मुख्य कारण भी यह है कि कांग्रेस के पास नेता बहुत हैं पर कार्यकर्ताओं के अभाव का आकार बहुत बड़ा है। इसमें भी कोई संशय नहीं है कि राहुल गांधी परिपक्व और बहुत सुलझे हुए जन आधार वाले नेता साबित हो रहे हैं। पर इनकी तरह इनके दल के सभी प्रत्याशी या पदाधिकारी का जनाधार नहीं बढ़ पा रहा है। ऐसा ना होना ही संसद में संख्या बल के बढ़ने में अवरोध बनता है।

इस तरह के वातावरण का अनुभव एक आम पारखी की तरह पाया जा सकता है। किसी गांव, तहसील या बड़े मोहल्ले में सामाजिक, राजनीतिक कार्यक्रम पर अपनी नजर से परख ले। तब सार्वजनिक आयोजनों में देखने को मिलेगा की गलियों, मोहल्लों, छोटे टप्पे जैसे गांव में भी भाजपा और आरएसएस विचारधारा के जमीनी स्तर के कार्यकर्ता मिल जाएंगे।

जब वस्तु स्थिति ऐसी नजर आएगी तब यह भी माना जाएगा कि राहुल गांधी विपक्ष के मजबूत नेता बने हैं। संख्या बल के कारण ही बीते 10 सालों में यही राहुल गांधी सांसद थे, पर विपक्ष के नेता नहीं बन सकते थे। इस दौरान सड़क पर उतरकर अपनी छवि और लोकप्रियता को चरम तक ले आए। दुनिया भर के लोकतांत्रिक राष्ट्रों में सम्मान पाने लगे हैं। पर देश में ही अपने दल के अन्य प्रत्याशी, नेताओं की छवि में जरा सा भी उछाल नहीं ला पाए हैं। इसलिए प्रश्न उठने लगे हैं कि वर्तमान में जितने कांग्रेसी सांसद हैं, भविष्य में अपने संसद के इतने संख्या बल में कांग्रेस ला पाएगी! जिसने भी टप्पे, गांव, तहसील और शहरी मोहल्ले के सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी पारखी नजरों से टटोला होगा, देखा होगा तब उन्हें यह सच नजर आया होगा कि राहुल को अगर कांग्रेस का पुनरुत्थान करना है तो गली मोहल्ले, गांव में कांग्रेसी कार्यकर्ता पैदा करना होंगे।

वरन खुद की छवि लोकप्रियता को ही टारगेट किया और एनडीए सरकार के प्रति जनमत में नकारात्मक राजनीतिक वातावरण के भरोसे रहे तो दूसरी बार फिर से सैकड़े तक अपने सांसदों की संख्याबल नहीं पा सकेंगे। राजनीतिक अनुभवियों का मानना है कि अब राहुल गांधी को नेता का चोला उतार कर संगठक की तरह गली मोहल्ले में काम करना पड़ेगा। भीड़ में से जमीनी कार्यकर्ता, नेता समेट कर खुद के साथ कांग्रेस का जन आधार बढ़ाना होगा। ऐसा होगा तभी भविष्य के चुनाव में कांग्रेसी सांसदों के संख्या बल में इजाफा कर पाएंगे अन्यथा..!



श्री अग्रसेनजी जयंती महोत्सव के अंतर्गत तृतीय दिवस हुआ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन...

# बड़ी संख्या में बच्चों एवं महिलाओं ने की सहभागिता

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अग्रवाल समाज देशी पंचायत मंदसौर के द्वारा पांच दिवसीय महाराजा अग्रसेनजी जयंती महोत्सव का आयोजन नरसिहपुरा स्थित अग्रसेन मांगलिक भवन में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक यहां विविध धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की माता बहने व महानुभाव इस कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे है। श्री अग्रसेनजी की 5148 वीं जन्म जयंती महोत्सव के अंतर्गत कल अग्रसेन मांगलिक भवन नरसिंहपुरा में अग्रवाल गर्ल्स क्लब के द्वारा नवरस कवि सम्मेलन व फैशन शो का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कक्षा 6 से अधिक आयु वर्ग जिसमें सभी अविवाहित युवाजन भी शामिल है सहभागिता की। इसी प्रतियोगिता के अलग आयु वर्ग में सभी विवाहित अग्रजन शामिल हुए। श्रीमती मनीषा राकेश गर्ग व श्रीमती मंजू गोपाल गर्ग के संयोजन में हुई इस प्रतियोगिता में लगभग 20 प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर कक्षा 9 से अधिक आयु वर्ग की बालिकाओं व महिलाओं के लिये फैशन शो का भी आयोजन कियागया। पार्षद प्रमिला संजय गोयल व श्रीमती पिंकी ओमप्रकाश गोयल के संयोजन में आयोजित इस प्रतियोगिता में नन्ही मुन्नी बालिकाओं ने रंग बिरंगे वस्त्र पहनकर सहभागिता की। बालिकाओं ने बाहुबली फिल्म के गीत कान्हा सौ जा जरा गीत पर प्रस्तुति भी दी। बालकों के ग्रुप के द्वारा हम भक्त महाकाल के गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसे सभी ने सराहा। दोनों प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, समाजसेवी नरेन्द्र त्रिवेदी, महिला नेत्री रूपल संचेती, श्रुति बटवाल भी उपस्थित थे। विभिन्न प्रतियोगिताओं का संचालन महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती शशि अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन ओम अग्रवाल सर ने किया एवं आभार ललित अग्रवाल बैंक ने माना।

**अग्रवाल समाज का मंदसौर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान**–पांच दिवसीय श्री अग्रसेन जयंति महोत्सव के अंतर्गत महोत्सव के तृतीय दिवस के शुभारंभ अवसर पर श्री अग्रसेनजी महाराज के चित्र की आरती की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी हंसराज अग्रवाल कबाड़ी, नरेन्द्र मित्तल, दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोयल, राजेन्द्र मंगल, अशोक मित्तल (आशीर्वाद), पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम गुप्ता, श्रीमती पुष्पा मित्तल, श्रीमती रूपा ऐरन, सुनीता मित्तल, अलका गर्ग, पूजा गर्ग ने सहभागिता की और सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेनजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि अग्रवाल समाज के द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रमों में समाज के महानुभावों व माता बहनों के द्वारा पूरे उत्साह से सहभागिता की जा रही है। अग्रसेन मांगलिक भवन का हाल वातानुकूलित हो इसके लिये आर आर बी गोयल परिवार के द्वारा 1 लाख 51 हजार रू. की राशि समाज को प्रदान की गई है। समाज गोयल परिवार का आभारी है। मुख्य अतिथि हंसराज कबाड़ी ने कहा कि अग्रवाल समाज का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। मंदसौर के विकास में भी अग्रवाल समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। पूर्व नपाध्यक्ष कुसुम गुप्ता ने कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में जो कार्यक्रम की रचना की गई है वह सराहनीय है। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत अच्छी तरह से हो रहे है। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत समाज अध्यक्ष आशीष गुप्ता, महासचिव ओम अग्रवाल सर, महामंत्री हेमन्त अग्रवाल, महिला मण्डल अध्यक्ष शशि अग्रवाल, महासचिव रानी सिंहल, श्वेता अग्रवाल, गर्ल्स क्लब अध्यक्ष आर्शी संजय गोयल, महासचिव खुशी गोयल, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष गौरव मित्तल, उपाध्यक्ष यश मित्तल, यश गर्ग, रोहित अग्रवाल सचिव अंशुल अग्रवाल, सहसचिव तरूण अग्रवाल, सांस्कृतिक सचिव सुनील मित्तल, खेल सचिव विनय गुप्ता, प्रवक्ता आयुष अग्रवाल, मोहित गर्ग, परामर्शदाता गौरव अग्रवाल, हार्दिक गर्ग, ऋषि मित्तल, सोम्य गर्ग, अंकुर गुप्ता, दीपक कागला, विनोद कागला, सुभाष गर्ग, प्रीतेश गर्ग, किरणमल गर्ग आरके, नरेन्द्र गर्ग, गोविन्द अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल आरके, अरविन्द कागला, अशोक जिंदल, अनिल सिंहल, अंकित गर्ग, राजेश मित्तल, संतोष गोयल, हेमन्त अग्रवाल आदि ने किया। कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल पिपलिया व मेघा गर्ग का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन ओम अग्रवाल सर ने किया एवं आभार ललित अग्रवाल बैंक ने माना।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महात्मा गांधी की जयंति के उपलक्ष्य में स्वच्छता दिवस समारोह का आयोजन नपा परिषद मंदसौर के द्वारा किया गया। नपाप सभागृह में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में लगभग 110 सफाई मित्रों प्रभारी सफाई दरोगाओं व स्वच्छता कार्य में सहयोग करने वाले अन्य कर्मियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर भोपाल के कुशाभाऊठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण नपा के द्वारा किया गया।नपा के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नपा कर्मचारीगण व नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वर्चुअली इस कार्यक्रम को संबोधित किया। नपा परिषद के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र भेंटकर व माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर नपा सभापति निर्मला चंदवानी, निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी ने सफाई मित्रों का सम्मान किया।

हाईटेक हो रही विद्युत वितरण कंपनी...

# बकायादारों तक पहुंचने के लिए अपना रही एआई तकनीक

## उपभोक्ताओं से कर रही सीधा संवाद, कारगर साबित हो रहा प्रयोग

**मंदसौर, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। बकायादारों से राशि वसूलने के लिए विद्युत वितरण कंपनी के अमले ने एआई तकनीक का सहारा लिया है। यह नवाचार कंपनी के लिए कारगर साबित हो रहा है। एआई से कंपनी बकायादारों को व्हाटसअप पर मैसेज भेज रही है। एक साथ 200 लोगों को मैसेज भेजे जा रहे है। बकायादारों में भी उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। जिनकी घरेलू बिल की तीन से चार माह तो गैर घरेलू में 25 हजार से अधिक की राशि बकाया है। रबी सीजन में सिंचाई के लिए अब किसान कनेक्शन लेंगे। ऐसे में सिंचाई के बकायादारों को भी अब चिन्हित कर उन्हें मैसेज दे रहे है। जिला मुख्यालय से ही एआई का उपयोग किया जा रहा है।**

### 25 दिन में 06 हजार 500 से ज्यादा लोगों को भेजे मैसेज...

बिजली कंपनी ने एआई तकनीक का उपयोग शुरू किए हुए करीब 26 दिन का समय हुआ। इन 26 दिनों में कंपनी ने साढ़े छह हजार से ज्यादा बकायादारों को मैसेज भेजे हैं। इनमें से कई उपभोक्ताओं ने राशि जमा करवा दी है। प्रयोग सफल रहा हैं। इसके चलते जिले भर में एआई तकनीक को बिजली कंपनी का अमला अपना रहा है। जिला मुख्यालय से ही एआई से उपभोक्ता से संवाद कर रहे है।

### जिले में 5 लाख उपभोक्ता...

बता दें कि जिले में घरेलू, गैरघरेलू से लेकर सिंचाई सहित सभी प्रकार के कुल 5 लाख उपभोक्ता है। इसमें चिन्हित कर बकायादारों को मैसेज भेज रहे हैं। रबी सीजन आने वाला है। ऐसे में अब सिंचाई के बकायादार उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा कराने के लिए मैसेज भेजे जा रहे है। तो वही गैरघरेलू में 25 हजार से अधिक बकाया होने पर मैसेज भेजे जा रहे है। कम समय में अधिक उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करने के लिए एआई तकनीकि का उपयोग किया गया, जो कारगर रहा है।

### ऐसे आसान हुआ बिजली कंपनी का काम...

बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से संवाद करने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) का उपयोग किया। इसमें एक प्रोग्राम बनाया और बिजली उपभोक्ताओं के नाम और मोबाइल नंबर की एक्स शीट इसमें जोड़ा। इससे एआई सीधे उपभोक्ताओं को मैसेज भेज रही है। इसमें कंपनी बकायादारों को उनकी बकाया राशि के साथ अन्य जानकारियां भी भेज रही है। हर एक को व्हाटसअप पर मैसेज भेजकर संवाद किया जा रहा है। साथ ही जिनके मोबाइल नंबर नहीं है और जिन्हें मैसेज नहीं मिल रहे है, उनके नंबर का सत्यापन कराया जा रहा है। हर दिन जिले के 40 वितरण केंद्र के साथ अधिकारी बैठक कर रहे है। इसमें वसूली की स्थिति की समीक्षा के साथ बकायादारों को चिन्हित कर एआई में नाम जोड़कर मैसेज भेजे जा रहे है।

## पंचर दुकान में लगी आग

**मनासा, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच रोड़ पर स्थित ग्राम जवासा चौराहे पर बुधवार सुबह पंचर की दुकान पर आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल की तीन गाड़ियो ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। खबर लिखे जाने तक दुकान से धुआं उठ रहा था। बताया जा रहा है की दुकान में गैस सिलेंडर, टायर के साथ-साथ अन्य सामान और अनाज भी भरा हुआ था। वहीं आग लगने के बाद पुलिस ने नीमच-झालावाड़ मार्ग और भादवा माता जाने वाले मार्ग को आग बुझाने तक बंद कर दिया था। ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। दुकान नरेंद्र पिता जगदीश राठौर की बताई जा रही है। जहां पंचर निकालने के साथ टायर सहित अन्य सामान बेचने का भी काम किया जाता है। बताया जा रहा है कि आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी मशीन की मदद से दुकान की पीछे की दीवार को भी तोड़ा गया ताकि धुआं निकल सके और आग पर काबू पाया जा सके। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

# युवक ने फांसी लगाई, मौत

## सुसाइड नोट में तीन लोगों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**नीमच, 02 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के ग्वालटोली में मंगलवार शाम एक 18 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृत युवक ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट लिखा। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। सुसाइड नोट में तीन लोगों पर प्रताड़ना और पैसे मांगने का आरोप लगाया है। बुधवार को बड़े अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। लेकिन, युवक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद हंगामा कर दिया।

मृत युवक राज पिता मुकेश उम्र करीब 18 वर्ष जाति ग्वाला निवासी ग्वालटोली का रहने वाला था। मंगलवार शाम को जब घर पर कोई मौजूद नहीं था तब उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब वे काम से घर लौटे। युवक को लटका देख उसे तत्काल बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक से मिले सुसाइड नोट में युवक ने दो महिलाओं और एक पुरूष पर पैसे मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसने लिखा कि आरोपी उससे रोजना 500 रुपए लेते थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि किस बात के लिए पैसे मांग रहे थे। बुधवार को मृतक के शव का बड़े अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। जहां परिजनों ने हंगामा करते हुए आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। हंगामा की जानकारी मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाइश देकर शान्त किया। पुलिस ने परिजनों को दो दिन में उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। जिसके बाद परिजनों ने शांत हुए। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस भी मामले का जल्द खुलासा करने की बात कर रही है।









स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in